उत्तर प्रदेश में सरकारी क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना

2040. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में सरकारी क्षेत्र में कितने लघु, मध्यम और बड़े उद्योग लगाए गए हैं ;

(ख) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐसे उद्योग स्थापित करने के लिए सस्ती दरों पर अपेक्षित बिजली और धन उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव भेजा है ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०के० थुंगन) : (क) गत दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में केंद्रीय सरकारी क्षेत्र का कोई नया उद्यम स्थापित नहीं किया है । बहरहाल, राज्य में सकल परिसम्पत्ति के रूप में 1-4-1985 को कुल पूंजी निवेश 2532.77 करोड रुपए था, जो बढ़कर 31-3-1991 तक 10229.26 करोड रुपए हो गया तथा 31-3-1991 की स्थिति के अनुसार सकल परिसम्पत्ति के रूप में इसका स्थान पांचवां है ।

(ख) और (ग) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

2041. *[Transferred to the Wh May* 1992].

Setting up of Industries in Uttar Pradesh

2042. SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government's consideration to set up Industries in Azamgarh, Allahabad, Mainpuri, Etawah, Farrukhabad, Sikohabad in Uttar Pradesh in the Eighth Five Year Plan; and

(b) if so, the number and status of industries to be set up in these districts?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI P. J. KURIEN): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

खादी संस्थाओं में वित्तीय संकट

2043. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार के उदासीन रवैये के कारण खादी संस्थाओं को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है ; और

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान खादी के प्रचार-प्रसार तथा खादी ग्रामोद्योग द्वारा कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कितनी राशि दी दी गई है ।?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० जे० कुरियन) : (क) जी, नहीं ।

(ख) सरकार ने खादी तथा ग्रामोद्योग के विकास तथा संवर्धन के लिए योजना के अधीन पिछले तीन वर्षों के दौरान निम्नलिखित निधियां जारी की हैं :—

(रु० करोड़ में)

वर्ष	जारी की गई निधियां
1989-90	175.00
1990-91	186.00
1991-92	193.00